# भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, अभिकल्पना एवं विनिर्माण संस्थान, कांचीपुरम

## INDIAN INSTITUTE OF INFORMATION TECHNOLOGY, DESIGN AND MANUFACTURING, KANCHEEPURAM

---



प्रो. अनुपम शुक्ला
निदेशक

## हिंदी दिवस संदेश - 2026

'हिंदी दिवस' के इस पावन अवसर पर संस्थान के सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

हिंदी केवल हमारी राजभाषा ही नहीं, बल्कि देश की विविध संस्कृतियों और भावनाओं को जोड़ने वाली सशक्त कड़ी है। हिंदी की सरलता, सहजता और व्यापक स्वीकार्यता इसे जन-जन से जोड़ती है। सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करना हमारा संवैधानिक दायित्व है और इस दायित्व को निभाना हमारा कर्तव्य भी है।

वैज्ञानिक एवं तकनीकी संस्थानों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देना युग की मांग है। ज्ञान-विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रशासन के क्षेत्रों में हिंदी के प्रयोग की व्यापक संभावनाएँ हैं। हमें अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रयोग को सहज एवं स्वाभाविक बनाने का प्रयास करना चाहिए। हिंदी में कार्य करने से राजभाषा नीति के उद्देश्यों की पूर्ति होती है। आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं डिजिटल तकनीक के युग में हिंदी के विकास के लिए नए अवसर उपलब्ध हैं। हमें इन आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके हिंदी को और अधिक प्रभावी एवं समृद्ध बनाने का प्रयास करना चाहिए।

आइए, 'हिंदी दिवस' के इस शुभ अवसर पर हम सब अपने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग करने का संकल्प लें। हमें इसका भरपूर प्रयास करना चाहिए कि हिंदी का प्रयोग केवल औपचारिक अवसरों तक सीमित न रहकर हमारे कार्य-संस्कार का अभिन्न अंग बने।

हिंदी दिवस पर पुनः आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

जय हिंद!